RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

अब तो लड़को मान लो, सच्चाई चुपचाप।
कहीं सयानी लड़कियां, नालायक हो आप।
नालायक हो आप, व्यर्थ में समय गंवाते।
तभी हमेशा घट्ट, आपके नंबर आते।
कह साहिल कविराय, एक दिन ऐसा आसी।
अफसर होंगी गर्ल्स, ब्वायज होंगे चपरासी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 111 | FRIDAY DATE 15-05-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## संक्षिप्त खबरें

### नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा, दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी होगी ज्यादा मजबूत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूएई यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। इससे साफ दिखता है कि भारत, यूएई के साथ अपने रिश्तों को और मजबूत करने को कितनी अहमियत दे रहा है। यूएई के अखबार खलीज टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरे में रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री स्थिरता और व्यापार को सुरक्षित रखने जैसे मुद्दों पर खास फोकस रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से उच्च स्तरीय बातचीत करेंगे। दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस यात्रा का समय भी काफी अहम माना जा रहा है। खाड़ी क्षेत्र इस वक्त कई तरह की भू-राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रहा है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव जारी है, समुद्री रास्तों की सुरक्षा को लेकर खतरे बढ़ रहे हैं और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में लंबे समय तक रुकावट आने की आशंका भी जताई जा रही है।

### स्वच्छ दिल्ली के लिए मिशन मोड में काम करे निगमः प्रवेश वाही

दिल्ली में स्वच्छता और जलभराव रोकने को लेकर एमसीडी अलर्ट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में स्वच्छता व्यवस्था और मानसून तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपमहापौर डॉ. मोनिका पंत, नेता सदन जय भगवान यादव, निगम आयुक्त संजीव खिरवार, प्रमुख अभियंता पी.सी. मीणा समेत स्वच्छता और इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने राजधानी की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाने को कहा, ताकि दिल्ली आने वाले लोगों के सामने शहर की स्वच्छ छवि प्रस्तुत की जा सके। महापौर ने लोक निर्माण विभाग, फ्लड विभाग, दिल्ली जल बोर्ड और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सरकार लू से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाने की दिशा में कार्य कर रही हैः शाह

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि मोदी सरकार आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण को 'मिनिमम कैजुअल्टी' से 'जीरो कैजुअल्टी' तक लाने के साथ-साथ लू (हीट वेव) से होने वाली मृत्यु दर को शून्य तक लाने की दिशा में कार्य कर रही है। श्री शाह ने गुरुवार को गाज़ियाबाद में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) को 'प्रेसिडेंट्स कलर' प्रदान किए जाने के समारोह में यह बात कही।



आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में बल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए श्री शाह ने कहा कि एनडीआरएफ ने अब तक डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान बचाई है और नौ लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा हो या भीषण हादसा, बल ने हर चुनौती में अपनी दक्षता साबित की है।

उन्होंने एनडीआरएफ को मिले 'प्रेसिडेंट्स कलर' को बल के सेवा, साहस, शौर्य और समर्पण का राष्ट्रीय सम्मान बताया। श्री शाह ने कहा कि यह सम्मान केवल एनडीआरएफ की सेवाओं की मान्यता नहीं, बल्कि देशभर में आपदा प्रबंधन से जुड़े पूरे तंत्र के सामूहिक योगदान का सम्मान है।

एनडीआरएफ ने बीते 20 वर्षों में अपने साहस, सेवा और त्वरित कार्रवाई से 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास अर्जित किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि देश ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में राहत-आधारित व्यवस्था से आगे बढ़कर रोकथाम और तैयारी आधारित मॉडल अपनाया है। उन्होंने दावा किया कि सरकार अब 'जीरो कैजुअल्टी' यानी आपदाओं में शून्य जनहानि के लक्ष्य की दिशा में काम कर रही है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का ऐलान

## दिल्ली सरकार का कोई भी मंत्री एक साल सरकारी विदेश यात्रा पर नहीं जाएगा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



ऊर्जा बचत और विदेशी मुद्रा भंडार के रक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-अपील को लेकर दिल्ली सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। इस क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उठाए गए कदमों की जानकारी दी। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक से जो अपील की है, वह राष्ट्रहित में है और देश में स्थिरता का माहौल बनाने तथा आर्थिक संतुलन हासिल करने के लिए है। दिल्ली सरकार के रूप में, हमने कुछ योजनाएं बनाई हैं और 'मेरा भारत, मेरा योगदान' नामक एक जन अभियान चलाया है, जिसे दिल्ली सरकार चलाएगी। सबसे पहले, पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए, हमने दो स्तरों पर बचत करने की योजना बनाई हैः सरकारी और निजी।

सरकारी स्तर पर, दिल्ली सरकार में हर हफ्ते दो दिन वर्क फ्रॉम होम किया जाएगा, और इसी तरह, निजी क्षेत्र की हर कंपनी और संस्थान को दो दिन घर से काम करने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारा श्रम विभाग इसकी निगरानी करेगा। हम इस बारे में बड़ी कंपनियों से बात करेंगे। हमने अपने वाहनों की संख्या कम कर दी है; हम कम वाहनों से यात्रा करेंगे, और जहां भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग किया जा सकता है, हम सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे। दिल्ली सरकार अगले छह महीने तक कोई भी नया व्हीकल (पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और हाइब्रिड) नहीं खरीदेगी।

### संजय दत्त की 'आखिरी सवाल' का दिल्ली में प्रीमियर, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फिल्म को बताया 'प्रेरणादायक'

संजय दत्त स्टारर फिल्म 'आखिरी सवाल' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म के मेकर्स ने रिलीज से पहले बुधवार को दिल्ली में एक भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कई राजनीतिक नेताओं समेत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल थीं। मुख्यमंत्री ने प्रीमियर के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए फिल्म की जमकर सराहना की। उन्होंने फिल्म की कहानी कहने के तरीके की भी सराहना की, साथ ही डायरेक्टर और कलाकारों के अभिनय की भी तारीफ की। मुख्यमंत्री ने लिखा, 'मुझे 'आखिरी सवाल' की स्टार कास्ट और टीम के साथ यह फिल्म देखने का मौका मिला। यह फिल्म राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल के प्रेरणादायक सफर, राष्ट्र निर्माण, सेवा, संगठन और सांस्कृतिक चेतना में उसके योगदान को दमदार तरीके से पेश करने का एक प्रयास है। देश के सामाजिक और वैचारिक जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को भी गंभीरता से लिया गया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 साल का सफर सेवा, मूल्यों, संगठन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की एक असाधारण यात्रा रही। हर गांव और गली-मोहल्ले में, संघ के स्वयंसेवकों ने सामाजिक जीवन को व्यवस्थित करने, राष्ट्रीय भावना जगाने और आपदाओं से लेकर सामाजिक उत्थान तक हर क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से काम किया है।'

### योगी सरकार का अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा सत्यापन से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधार पर फोकस

**लखनऊ, यूटर्न/ 14 मई।** उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। ऐसे में विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।



### दिल्ली शराब नीतिः जज स्वर्णकांता शर्मा बोलीं- सोशल मीडिया पोस्टों पर शुरू की जाएगी अवमानना की कार्यवाही

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगा, क्योंकि आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य से जुड़े उत्पाद शुल्क नीति मामले की सुनवाई के संबंध में न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ कथित तौर पर 'अत्यंत अपमानजनक और मानहानिकारक' सामग्री प्रसारित की गई थी। न्यायमूर्ति शर्मा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर एक याचिका की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें मामले के सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया था, जिनमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, और आप नेता दुर्गेश पाठक शामिल हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने खुली अदालत में कहा कि आज मुझे एमिकस क्यूरी (न्यायाधीश) की घोषणा करनी थी… कुछ वरिष्ठ न्यायाधीशों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। हालांकि, कुछ प्रतिवादियों ने मेरे खिलाफ अत्यंत अपमानजनक और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट की है। मैं चुप नहीं रह सकती। न्यायाधीश ने कहा कि कुछ आरोपियों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही पर विचार किया जाएगा। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि मैं अवमानना की कार्रवाई करने जा रही हूं।

## अगर कोई नागरिकों पर हमला करेगा, तो हम उसे उसके घर में घुसकर जवाब देंगे: राजनाथ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर ने तो इतिहास ही बदल दिया। इसके साथ ही उन्होंने आतंकवाद के प्रति एक बार फिर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए बताया है कि आतंकवाद को लेकर भारत जीरो टॉलरेंस की नीति रखता है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, सर्जिकल स्ट्राइक व बालाकोट एयर स्ट्राइक का उदाहरण दिया। रक्षा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारतीय सेना आतंकवादियों को सीमा पार जाकर भी मार सकती है। गुरुवार को रक्षामंत्री ने कहा, 'हमने दुनिया को साफ संदेश दिया है, कि आतंकवाद के खिलाफ अब हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। हमने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक करके दिखा दिया, कि भारत की सेना सीमा पार जाकर भी आतंकियों को मार सकती है। 2019 में हमारे बालाकोट एयरस्ट्राइक ने, आतंकवादियों के ट्रेनिंग कैंप को तबाह किया। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर ने तो जैसे इतिहास ही बदल दिया। ऑपरेशन सिंदूर में हमने ऐसा करारा जवाब दिया कि दुश्मन के होश ही उड़ गए।' गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राजस्थान में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे जवान, देश की सीमाओं की सुरक्षा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह से, हमारी सरकार भी, योजनाओं के मामले में, उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। रक्षा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले दस वर्षों में, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किया है उन्होंने कहा, 'हमने साबित किया है कि अब भारत चुपचाप सहने वाला देश नहीं रहा।

## टीएस संधू ने किया मेट्रो में सफर

### दिल्लीवासियों से 'फ्यूल सेविंग' की अपील की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू ने गुरुवार को नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन को व्यापक रूप से अपनाने का आग्रह किया और एक आधिकारिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मेट्रो के नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर में स्वयं यात्रा करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सार्वजनिक परिवहन में यात्रा के दौरान संधू को सहयात्रियों से खुलकर बातचीत करने का अवसर मिला, जिनमें से कुछ ने उनके साथ सेल्फी लेने का अनुरोध भी किया। एक्स पर एक संदेश में संधू ने कहा कि मेट्रो के माध्यम से एक बार फिर शहर की धड़कन का अनुभव कर रहा हूं, जो कुशल, सुलभ और प्रतिदिन लाखों लोगों को जोड़ने वाली है। उन्होंने कहा कि अपनी हाल की यात्राओं में, मैंने पाया है कि यह हमारे शहर में घूमने का सबसे कुशल तरीका है और साथ ही यह एक स्थायी पर्यावरण में योगदान भी देता है। मैं सभी से आग्रह करता हूं कि जहां भी संभव हो, सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाएं। ये सामूहिक प्रयास, भले ही सरल हों, हमारी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वच्छ दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। स्वच्छ परिवहन साधनों के उपयोग के लिए, संधू का आ'ान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न 'चुनौतीपूर्ण अवधि' के लिए तैयार रहने की हालिया अपील के अनुरूप है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्त बुजुर्ग से मारपीट, कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने दी पलायन की चेतावनी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 मई।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र के राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव निवासी सतीश चंद्र सिंघल ने सोसायटी के ही गौरव बंसल पर मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि थाने में तहरीर दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसीपी से न्याय की गुहार लगाई है और कार्रवाई न होने पर सोसायटी से फ्लैट बेचकर पलायन की चेतावनी दी। आरोप है कि आए दिन आरोपी गौरव बंसल उन्हें सभी के सामने पीटने और हत्या की धमकी देता है। गत दिनों धमकी दी कि आरडब्ल्यूए में आकर दिखा। उन्होंने बताया कि वह प्रदेश सरकार के आडिट विभाग से सेवानिवृत्त हैं और सीनियर सिटीजन (74) हैं। वह सोसायटी कार्यकारिणी के चुने गए सदस्य भी हैं। घटना 28 फरवरी 2026 को हुई। पीड़ित बुजुर्ग ने एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद से मदद की गुहार लगाई है। एसीपी नंदग्राम ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपी गौरव बंसल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कोर्ट में लगी हथिनी के रिलीज की याचिका, पुलिस ने एफआर लगाई

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 14 मई।** टीलामोड़ के असालतपुर निवासी गयूर अली की 17 वर्ष पहले चोरी हुई हथिनी गोयनी के मामले में टीलामोड़ पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट (एफआर) लगा दी है। वहीं मामले की कोर्ट में पैरवी कर रहे अधिवक्ता दिलशाद चौधरी के अनुसार पुलिस की रिपोर्ट में हथिनी के गुजरात में होने की पुष्टि हुई है। कोर्ट में रिपोर्ट पेश होने के बाद सेशन कोर्ट में हथिनी के रिलीज की अर्जी लगी हुई है। हथिनी गोयनी का मामला दिन-प्रतिदिन नए मोड़ लेता जा रहा है। गयूर अली ने साल 2000 में बिहार के सोनपुर हाथीसार के मेले से 2.50 लाख रुपये में हथिनी खरीदी थी। एक जनवरी 2008 को उनकी हथिनी चोरी हो गई थी। उन्होंने इसके बाद पुलिस से मदद मांगी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उन्होंने खुद तलाश शुरू की और यूट्यूब वीडियो की मदद से जम्मू-कश्मीर में हथिनी को ढूंढ निकाला। पीड़ित ने 6 अक्तूबर 2022 को कोर्ट में अपील कर न्याय की गुहार लगाई। हालांकि निचली अदालत ने अपील को खारिज कर दिया। तब पीड़ित पक्ष की पैरवी कर रहे अधिवक्ता दिलशाद चौधरी ने सत्र न्यायालय में याचिका लगाई और सुनवाई के बाद न्यायालय के निर्देश पर निचली अदालत ने मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। 27 सितंबर को जम्मू-कश्मीर के नरवाल मंडी निवासी लक्ष्मण और लक्की के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# बोर्ड परीक्षा में बड़सीकरी खुर्द के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 5 छात्र प्रदेश की मेरिट सूची में शामिल

» **रवि जैस्ट**






कलायत, यूटर्न/ 14 मई। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में बड़सीकरी खुर्द स्थित शिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश स्तर की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराकर ग्रामीण आँचल अपनी शैक्षणिक योग्यता को साबित किया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के परीक्षा परिणामों का विवरण देते हुए प्रबंधन ने बताया कि संस्थान की तीन छात्राओं और दो छात्रों ने शानदार अंक अर्जित किए हैं। इनमें अलका, लक्ष्य और ज्योति ने 500 में से 495 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में 5वां स्थान हासिल किया है। इसी क्रम में पंकज ने 493 अंकों के साथ 7वां स्थान और गरिमा ने 491 अंक लेकर प्रदेश भर में 9वीं पोजीशन हासिल की है। छात्रों की इस शानदार सफलता पर स्कूल संस्थापक रामनिवास ढुल ने खुशी व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण भाव से ही स्कूल आज इस मुकाम पर पहुंचा है। डिप्टी डायरेक्टर अमित ढुल, व अध्यापक राजकुमार, सतपाल, भूषण, रविंदर, खुशी राम, राजविंदर, हरप्रीत, योगेश, गोविन्द ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

# दिल्ली में 'बस्तर विकास मॉडल' पर मंथन अमित शाह से सीएम विष्णु देव की अहम मुलाकात



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर बस्तर में तेजी से बदल रहे हालात और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहे।

बैठक में विशेष रूप से बस्तर में चल रहे 'मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान' और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच रही स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बताया कि जिन इलाकों में कभी एम्बुलेंस पहुंचना भी मुश्किल माना जाता था, वहां अब डॉक्टर, दवाइयां और स्वास्थ्य टीमें नियमित रूप से पहुंच रही हैं। दूरस्थ गांवों में पैदल जाकर लोगों की जांच की जा रही है और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मात्र एक महीने में 21.86 लाख से ज्यादा लोगों की स्वास्थ्य जांच हो चुकी है और उनके डिजिटल हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर लिए गए हैं। हजारों मरीजों को समय पर उपचार और उच्च अस्पतालों में रेफर किया गया है।

बस्तर में अब पुराने सुरक्षा शिविर केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रह गए हैं। इन्हें धीरे-धीरे 'जन सुविधा केंद्र' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां गांव के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग और सरकारी योजनाओं से जुड़ी जरूरी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल रही हैं। इन केंद्रों के जरिए दूरस्थ और नक्सल प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को पहली बार कई बुनियादी सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। ग्रामीण अब इलाज, बैंक खाते, दस्तावेज और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए दूर-दूर तक भटकने को मजबूर नहीं हैं।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बस्तर अभियान, जो कि 13 अप्रैल 2026 को सुकमा से शुरू हुआ, इस अभियान में 36 लाख लोगों को लक्षित किया गया है। इसके अलावा बस्तर मुन्ने (अग्रणी बस्तर) अभियान के जरिए 31 महत्वपूर्ण योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। जगदलपुर में नया सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू हो गया है, जहां अब बस्तर के लोगों को महंगे इलाज के लिए रायपुर या बिलासपुर नहीं जाना पड़ेगा। डायल-112 की नेक्स्ट जेन सेवा का विस्तार और पुराने सुरक्षा शिविरों को 'जन सुविधा केंद्र' में बदलने की योजना भी बस्तर के स्थायी विकास की दिशा में अहम कदम हैं। उन्होंने बताया कि जो इलाके कभी नक्सल प्रभाव के कारण मुख्यधारा से कटे हुए थे, वहां आज सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है।

हाल ही में सुकमा के एक अत्यंत दुर्गम गांव से गंभीर मरीज को सैकड़ों किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचाकर उपचार दिलाना इस बदलाव का बड़ा उदाहरण बना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गृह मंत्री अमित शाह को बस्तर के लिए तैयार विकास रोडमैप की भी जानकारी दी। इसमें सड़क, शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास और निवेश को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस रखा गया है।

### कानपुर की चकरपुर सब्जी मंडी में भीषण आग से भारी नुक्सान

» **सुनील बाजपेई**

कानपुर, यूटर्न/ 14 मई। आज गुरुवार दोपहर यहां के सचेंडी स्थित चकरपुर सब्जी मंडी में अचानक भीषण आग लग गई। आग की शुरूआत चबूतरा नंबर-6 स्थित एक आढ़त से हुई और देखते ही देखते उसने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया।

इस बीच आग इतनी तेजी से फैली कि करीब 40 से अधिक दुकानें धू-धू कर जलने लगीं। मौके पर मौजूद आढ़तियों ने पहले खुद आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन लपटें बढ़ती देख दुकानों को छोड़कर जान बचाकर भागना पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। पहले दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया, लेकिन आग की गंभीरता को देखते हुए बाद में आठ फायर टेंडर मौके पर लगाए गए। समाचार लिखे जाने तक दमकल कर्मी लगातार आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री योजना के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 14 मई।**

गौतमबुद्धनगर की बिसरख पुलिस और साइबर सेल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएम ईजीपी) के नाम पर लोगों को सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले बड़े साइबर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 18 की-पैड मोबाइल फोन, 6 स्मार्ट फोन और कॉलिंग डाटा से जुड़े 15 रजिस्टर बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 13 मई को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस एवं साइबर सेल टीम ने संयुक्त अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सेक्टर-1 स्थित कृष्णा काउंटी टॉवर ए की छत से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### प्रधानमंत्री योजना के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 14 मई।** गौतमबुद्धनगर की बिसरख पुलिस और साइबर सेल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएम ईजीपी) के नाम पर लोगों को सब्सिडी लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले बड़े साइबर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे 18 की-पैड मोबाइल फोन, 6 स्मार्ट फोन और कॉलिंग डाटा से जुड़े 15 रजिस्टर बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 13 मई को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर थाना बिसरख पुलिस एवं साइबर सेल टीम ने संयुक्त अभियान चलाया।

# आईओसीएल और समालखा में मेगा मॉक ड्रिल, आपदा से निपटने की तैयारियों का हुआ व्यापक परीक्षण

**सायरन, रेस्क्यू और राहत अभियान के बीच मॉक ड्रिल, प्रशासन ने दिखाई तत्परता**

» **निर्मल सिंह विर्क**

पानीपत, यु-टर्न 14 मई। जिले में वीरवार को जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग और सुरक्षा बलों के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान आईओसीएल और समालखा क्षेत्र में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का गहन परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य किसी भी प्राकृतिक या औद्योगिक आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता को परखना तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। मॉक ड्रिल के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया।



उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया और पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कंट्रोल रूम से पूरे घटनाक्रम की लगातार निगरानी की। दोनों अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आईओसीएल प्वाइंट का निरीक्षण किया और वहां मौजूद सुरक्षा इंतजामों, राहत कार्यों तथा बचाव व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

मॉक ड्रिल के दौरान एक काल्पनिक आपदा की स्थिति तैयार की गई, जिसमे व्यापक परिस्थितियों को दशार्या गया। जैसे ही सायरन बजा, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नागरिक सुरक्षा संगठन और प्रशासनिक टीमें तुरंत सक्रिय हो गईं।

राहत एवं बचाव दलों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया।

अग्निशमन विभाग की टीम और स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस और मेडिकल टीमें घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराती नजर आईं। पुलिस विभाग ने आसपास के क्षेत्र को यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया। इस दौरान नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए लोगों को जागरूक करने और अफवाहों से बचने की अपील की।

## गीता कन्या की छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में भी बाजी मारी

» **परमिंदर सिंह / कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 14 मई।**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दशम कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 34 छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा सरगम ने 93.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, प्रज्ञा ने 90.8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा आंचल ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की 10 छात्राओं ने 75% से अधिक अंक लेकर मेरिट में अपना स्थान बनाया, 16 छात्राओं ने 60% से अधिक अंक लेकर प्रथम श्रेणी में तथा 8 छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी में अपना स्थान बनाया ' विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा एवं सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा, प्रांत प्रतिनिधि संजय चौधरी, प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला व सभी अध्यापिकाओं ने छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को सफलता के लिए बधाई दी व उनका मुंह मीठा करवाया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार अपने विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया '.



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# रिद्धनाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय , बालक , हिसार में कक्षा दसवीं के संजू और तमन्ना हरियाणा प्रदेश में दसवें स्थान पर

» राजेश सलूजा





हरियाणा, यूटर्न/ 14 मई। रिद्धनाथ विद्यालय एक बार फिर से पूरे हरियाणा प्रदेश में दसवां स्थान हासिल करने में कामयाब रहा है और इस बार दसवें पायदान पर एक नहीं दो बच्चे शामिल हैं ।कक्षा दसवीं में कुल मिलाकर रिद्धनाथ विद्यालय की तरफ से 65 बच्चों ने बोर्ड की परीक्षा दी और उनमें से 18 बच्चे 90% से ऊपर अंक हासिल करने में कामयाब रहे ।कुल मिलाकर 38 बोर्ड मेरिट रही। संस्कृत विषय में 11 बच्चों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं और सामाजिक में चार बच्चों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। फिजिकल एजुकेशन में दो बच्चों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं और विज्ञान में एक बच्चे ने 100 में से 100 अंक हासिल किए हैं। 14 बच्चों ने अलग-अलग विषयों में 100 में से 99 अंक हासिल किए हैं। विद्यालय का प्रथम और हरियाणा प्रदेश का दसवां स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी संजू पुत्री रमेश कुमार गांव कंडूल से और तमन्ना पुत्री सुखविंदर सिंह गांव बालक से रहे। इन दोनों ही बच्चों ने 500 में से 490 अंक हासिल कर विद्यालय का, अपने माता-पिता का, अपने गांव का, हिसार जिले का और पूरे हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन दोनों ही बच्चों ने 98% अंक हासिल किए हैं। विद्यालय की ओर से दूसरे स्थान पर रहने वाली छात्रा मुस्कान पुत्री राजेश कुमार गांव पाबड़ा से रही इस छात्रा ने 484 अंक हासिल किए हैं। तीसरे स्थान पर दीक्षा पुत्री जसवीर सिंह गांव बालक से रही जिसने 483 अंक हासिल किए हैं। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ और सभी बच्चे अत्यंत उत्साहित नजर आए। उनकी खुशी का ठिकाना ना रहा। विद्यालय संचालक मास्टर साधुराम जी रेड्डू ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया और उन्हें इसी तरह आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। विद्यालय प्रबंधक जगदीप सिंह ने बच्चों के, अध्यापकों के और अभिभावकों के इस मिले-जुले प्रदर्शन को बहुत सराहा और कहा इस तरह के परीक्षा परिणाम विद्यालय में पिछले लंबे समय से आ रहे हैं और यह सिलसिला आगे भी यूं ही जारी रहेगा। विद्यालय प्राचार्य श्री रामअवतार सिंह जी ने सभी बच्चों को, सभी अध्यापकों को और अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

# हिसार में फर्जी डेंटल क्लिनिक पर छापा

## 9वीं पास युवक करता था मरीजों का इलाज, सीएम फ्लाइंग की कार्रवाई में बड़ा खुलासा





» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 14 मई। शहर में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर बड़ा खेल सामने आया है। सीएम फ्लाइंग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने एक गैर-पंजीकृत डेंटल क्लिनिक पर छापा मारकर अवैध रूप से इलाज किए जाने का खुलासा किया है। गंभीर अनियमितताएं मिलने के बाद पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज की इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में की गई। टीम में डेंटल सर्जन डॉ. पुलकित, एएसआई सुरेंद्र और हेड कांस्टेबल जितेंद्र भी शामिल रहे।

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा था क्लिनिक

जानकारी के अनुसार टीम को सूचना मिली थी कि 'गेरा डेंटल' नाम से संचालित क्लिनिक में बिना पंजीकरण के इलाज किया जा रहा है। रेड के दौरान पाया गया कि क्लिनिक किसी भी सरकारी अधिनियम के तहत रजिस्टर्ड नहीं था। मौके पर न तो कोई वैध लाइसेंस मिला और न ही ओपीडी रजिस्टर या डॉक्टर से जुड़े आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे।

### 9वीं पास युवक कर रहा था इलाज

जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि प्रदीप कुमार नामक युवक, जो केवल 9वीं पास बताया गया है, मरीजों की जांच कर रहा था। वह मरीजों को दवाइयां दे रहा था और उनसे फीस भी वसूल रहा था। मौके पर मौजूद मरीजों ने भी इसकी पुष्टि की।

### संचालक के दावों पर उठे सवाल

क्लिनिक संचालक महेंद्र बजाज ने दावा किया कि क्लिनिक डॉ. तरुण गेरा द्वारा संचालित किया जाता है, लेकिन मौके पर उनके नाम से संबंधित कोई दस्तावेज, बिल या रिकॉर्ड नहीं मिला। इससे क्लिनिक के संचालन को लेकर संदेह और गहरा गया। इसके अलावा क्लिनिक के पास हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति भी नहीं थी और मेडिकल वेस्ट निपटान की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई।

### मरीजों ने भी खोली पोल

रेड के दौरान पहुंचे मरीजों ने बताया कि प्रदीप नाम का युवक ही उनकी जांच करता था, दवाइयां देता था और पैसे लेता था। इससे साफ हो गया कि बिना योग्यता के लोगों का इलाज किया जा रहा था।

**पुलिस को सौंपी गई रिपोर्ट:** सीएम फ्लाइंग इंचार्ज सुनैना ने कहा कि बिना योग्यता और पंजीकरण के अस्पताल या क्लिनिक चलाना गंभीर अपराध है और इससे लोगों की जान को खतरा होता है। टीम ने पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार कर पुलिस को सौंप दी है। अब आगे की कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों की आवाज दबाने के बजाय सरकार उनकी मांगों का समाधान करे : बृजलाल बहबलपुरिया

» हरियाणा, यूटर्न/ 14 मई।




जिला कांग्रेस कमेटी हिसार ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने नगर निगम सफाई कर्मचारियों की चल रही हड़ताल और आंदोलन को लेकर कहा कि कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से लेने के बजाय लगातार अनदेखा कर रही है। कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों का समाधान समय रहते किया जाना चाहिए ताकि उन्हें बार-बार आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर न होना पड़े। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। चाहे गर्मी हो, सर्दी हो या बारिश, सफाई कर्मचारी लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कर्मचारियों की समस्याओं और अधिकारों को नजरअंदाज करना किसी भी स्तर पर उचित नहीं कहा जा सकता।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार समय रहते कर्मचारियों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो इसका सीधा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ेगा और आमजन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सरकार को कर्मचारियों के साथ बातचीत कर उनकी मांगों का सम्मानपूर्वक समाधान निकालना चाहिए।

बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूर, कर्मचारी, किसान और आमजन की आवाज उठाती रही है। कांग्रेस ने हर वर्ग के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी है और आगे भी कर्मचारी वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए हर संघर्ष में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जाए और जल्द समाधान निकालकर कर्मचारियों को राहत देने का काम किया जाए, ताकि स्थिति सामान्य बनीद रहे और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



**निर्मल सिंह/पानीपत, यूटर्न/ 14 मई।** सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत (100%) रहा, जो विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। इस वर्ष कुल 54 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 28विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए तथा 50 विद्यार्थियों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में दिव्या पुत्री श्री शिव सैनी ने 473 /500 अंक (94.6%) स्नेहा श्री रवि दत्त 473/500 अंक (94.6%) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सोनिया पुत्री श्री रजिंदर ने 469/500 अंक (93.8%) प्राप्त कर हिमानी श्री नरेश 459/500 अंक (91.8%) के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शीतल गोयल ने सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएँ दी। विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं अनुशासन ने इस सफलता को संभव बनाया है। विद्यालय के प्रबंधक कमेटी के सदस्य प्र'ाद रॉय बंसल ,वीरेंद्र बंसल ,राकेश कुमार सिंघल ,मोहक गर्ग जी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर सफलता की ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

# 89 नव नियुक्त पटवारियों को मिले नियुक्ति पत्र

## नव नियुक्त पटवारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें : उपायुक्त

**निर्मल सिंह विर्क/पानीपत, यूटर्न/ 14 मई।** जिला सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने वीरवार को 89 नव नियुक्त पटवारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजस्व विभाग प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी है और पटवारी जनता व सरकार के बीच सीधा संपर्क सूत्र होता है। उपायुक्त ने कहा कि सभी नव नियुक्त पटवारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना और रिकॉर्ड को सही तरीके से व्यवस्थित करना प्रत्येक पटवारी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीन स्तर तक पहुंचाने में पटवारियों की अहम भूमिका रहती है। इसलिए सभी कर्मचारी अपने कार्य को रुचि और समर्पण भाव से करें ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके। डॉ. विरेंदर कुमार दहिया ने कहा कि आज के समय में पारदर्शिता और जवाबदेही प्रशासन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे में राजस्व विभाग के कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और डिजिटल व्यवस्था के अनुरूप कार्य करते हुए रिकॉर्ड को सही और अपडेट रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में पटवारियों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने सभी नव नियुक्त पटवारियों से अपेक्षा जताई कि वे अनुशासन, मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करते हुए जिले की राजस्व व्यवस्था को और मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे तथा आमजन के विश्वास पर खरा उतरेंगे।



# बाल विकास पब्लिक स्कूल का बोर्ड रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत भावना ने 96.2% अंकों के साथ किया टॉप



**रवि जैस्ट/कलायत, यूटर्न/ 14 मई।** बाल विकास पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा, जिससे पूरे विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर है। परीक्षा में छात्रा भावना पुत्री श्री गोपाल कृष्ण ने 96.2% (481 अंक) प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, इशिका ने 95.2% अंकों के साथ दूसरा और जैस्मिन ने 94.6% अंकों के साथ तीसरा स्थान पाया। विशेष उपलब्धि के तौर पर इशिका ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए। स्कूल के कुल 12 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक और 43 विद्यार्थियों ने 80% से अधिक अंक लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अन्य मेधावी छात्रों में हंसिका, शुभम, वंशिका, निशु और मलिका सहित कई विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया। ऐतिहासिक सफलता पर स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल रहा, जहां मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया और मिठाइयां बांटी गईं। प्राचार्या श्रीमती प्रमिला ने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता का सशक्त माध्यम है।

# संक्षिप्त खबरें

## हड़ताल जारी... कूड़े के ढेर और बदबू से लोग परेशान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।** सफाई कर्मचारियों की जारी हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं। कूड़े से उठ रही तेज बदबू के कारण लोगों को मुंह पर कपड़ा ढककर निकलना पड़ रहा है। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी रहेगी या खत्म होगी, इस पर आज रोहतक में अहम निर्णय लिया जाएगा। निगम कार्यालय पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। इससे पहले सफाई कर्मचारियों ने 14 मई तक हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया था। कई दिनों से सड़कों और गलियों में फैला कचरा नगर निगम कार्यालय के गेट तक पहुंच चुका है, लेकिन मंगलवार को भी कच्चे कर्मचारियों ने कूड़े का उठान नहीं होने दिया। सड़कों पर कूड़ा जमा होने से जाम लग रहा है। स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को सफाई कर्मचारी यूनियनों के साथ बातचीत के लिए अहम बैठक बुलाई गई थी। इसमें हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत की। सरकार की तरफ से सफाई कर्मचारियों को 20 मई तक का समय दिया गया है। रोहतक में 103 नगर पालिकाएं रोहतक की बैठक में भाग लेंगी। 14 दिन से हड़ताल जारी रहने से पूरे शहर में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इसी बीच रोहतक में होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में 103 नगर पालिकाओं के प्रतिनिधि शामिल होकर हड़ताल जारी रखने या समाप्त करने पर अंतिम फैसला लेंगे।

## पीएमओ तक पहुंची गौर ग्रीन एवेन्यू की आग, केस की मांग

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 14 मई।** अभयखंड-2 स्थित गौर ग्रीन एवेन्यू सोसायटी में 29 अप्रैल को लगी भीषण आग का मामला अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। हादसे में डी टावर का फ्लैट नंबर 1143 पूरी तरह जलकर राख हो गया था। फ्लैट मालिक आर्किटेक्ट रजनीश कुमार राघव ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीएम और पुलिस कमिश्नर को लिखित शिकायत भेजकर सोसायटी आरडब्ल्यूए के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर वे कोर्ट जाएंगे। शिकायत में रजनीश ने गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनके अनुसार सोसायटी में फायर फाइटिंग सिस्टम पूरी तरह फेल था। हादसे के वक्त फायर अलार्म नहीं बजा, अग्निशमन उपकरण निष्क्रिय थे और फायर लाइन में पानी का प्रेशर भी नहीं था। सबसे बड़ा आरोप यह है कि डी टावर के पास अवैध निर्माण के कारण दमकल की गाड़ियां मौके तक नहीं पहुंच पाईं। आरडब्ल्यूए ने निर्माण हटाने से मना कर दिया और बाहर खड़ी जेसीबी को भी अंदर नहीं आने दिया। 29 अप्रैल की सुबह लगी आग में डी टावर के 22 फ्लैट चपेट में आए थे, जिनमें से सात फ्लैट पूरी तरह जल गए। पीड़ित रजनीश ने बताया कि हादसे के 14 दिन बाद अब वे परिवार समेत किराये के मकान में शिफ्ट हुए हैं। उन्होंने आरडब्ल्यूए के खिलाफ आपराधिक लापरवाही का केस दर्ज करने, अवैध निर्माण ढहाने और जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तेज रफ्तार वाहन दुर्घटना मामले में आरोपी पर जुर्माना

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 14 मई।** साहिबाबाद क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के मामले में मेरठ के इटारा खरखौदा निवासी सचिन को दोषी ठहराते हुए अदालत ने दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार-प्रथम ने कहा कि वर्ष 2007 में दर्ज मुकदमे की सुनवाई के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। मामला थाना साहिबाबाद में विनोद कुमार शर्मा की तहरीर पर दर्ज किया गया था। आरोप था कि सचिन ने टाटा इंडिका कार को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अदालत ने सचिन को लापरवाही से वाहन चलाने और गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में दोषी पाया। अदालत ने लापरवाही से वाहन चलाने के अपराध में एक हजार रुपये और चोट पहुंचाने के अपराध में एक हजार रुपये का जुर्माना तय किया।

# बच्ची के यौन उत्पीड़न को लेकर एलजी सचिवालय पर डटे आप नेता, पुलिस पर पीड़ित परिवार को धमकाने का आरोप

**» दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



जनकपुरी स्थित एक निजी स्कूल में तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने बुधवार को उपराज्यपाल सचिवालय के बाहर विरोध दर्ज कराया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, महिला पार्षदों और नेताओं के साथ राजभवन पहुंचे और घंटों तक वहीं डटे रहे। हालांकि रात में पुलिस ने उनको वहां से उठा लिया। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि बच्ची के परिवार को न्याय दिलाने के बजाय पुलिस अधिकारी के दबाव और धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।

आप नेताओं ने उपराज्यपाल से मिलने का समय मांगा था, लेकिन लंबे इंतजार के बाद भी मुलाकात नहीं हो सकी। इस दौरान पार्टी नेताओं ने सचिवालय परिसर के बाहर धरना देकर विरोध जताया। नेताओं ने बताया कि वे किसी राजनीतिक प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि पीड़ित बच्ची के परिवार को न्याय दिलाने की मांग लेकर पहुंचे थे। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बच्ची की मां ने संबंधित डीसीपी और एसएचओ पर धमकाने व घंटों थाने में बैठाकर परेशान करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इतने गंभीर मामले में पुलिस की कार्रवाई बेहद कमजोर रही, जिसके कारण आरोपी को कुछ ही दिनों में जमानत मिल गई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उपराज्यपाल और पुलिस कमिश्नर विपक्षी नेताओं से मिलने तक को तैयार नहीं हैं, तो पीड़ित परिवार को न्याय कैसे मिलेगा। धरने में शामिल नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। पार्टी ने दावा किया कि संबंधित स्कूल प्रबंधन से जुड़े कुछ प्रभावशाली लोगों के कारण प्रशासन और पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, भाजपा और सरकार की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई।

पूर्व मेयर शैली ओबरॉय ने कहा कि दोपहर से महिला पार्षद और पार्टी नेता उपराज्यपाल सचिवालय के बाहर बैठे रहे, लेकिन उन्हें केवल यह कहकर लौटा दिया गया कि समय ई-मेल के जरिये दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजधानी में एक मासूम बच्ची के साथ हुई इतनी गंभीर घटना पर उपराज्यपाल को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व न्याय का भरोसा देना चाहिए।

## एलजी संधू ने कुलपतियों और निदेशकों के साथ की बैठक, समाधान केंद्रित-एआई आधारित शिक्षा बढ़ाने पर दिया जोर

**» दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी के विश्वविद्यालयों को सिर्फ डिग्री देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि रिसर्च और सामाजिक बदलाव के केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को अब दिल्ली की असली समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

उपराज्यपाल ने बुधवार को दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और निदेशकों संग बैठक की। बैठक में शिक्षा, रिसर्च और तकनीक के जरिये दिल्ली के विकास को नई दिशा देने पर चर्चा हुई। एलजी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन के तहत शैक्षणिक संस्थानों को इनोवेशन, रिसर्च और सामाजिक बदलाव का केंद्र बनना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि वे केवल डिग्री देने तक सीमित न रहें, बल्कि नए अनुसंधान की भावना के साथ दिल्ली की वास्तविक समस्याओं का समाधान खोजें।

### वायु प्रदूषण, ट्रैफिक करें रिसर्च आधारित समाधान

संधू ने खास तौर पर वायु प्रदूषण, ट्रैफिक और शहरी परिवहन, मानसिक स्वास्थ्य और सार्वजनिक सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों पर रिसर्च आधारित समाधान तैयार करने की जरूरत बताई। उनका कहना था कि विश्वविद्यालयों में मौजूद रिसर्च क्षमता का सीधा लाभ शहर और आम लोगों तक पहुंचना चाहिए।

### छात्रों की सामाजिक भागीदारी बढ़ाएं

बैठक में छात्रों की सामाजिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। एलजी ने कहा कि एनएसएस, एनसीसी और गांव गोद लेने जैसी योजनाओं के जरिए छात्रों को समाज से जोड़ा जाए, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक, इनोवेटर और रोजगार पैदा करने वाले युवा बन सकें।

### एआई और नई तकनीक भविष्य की जरूरत

उन्होंने एआई और नई तकनीकों के इस्तेमाल को भविष्य की जरूरत बताते हुए कहा कि दिल्ली के विश्वविद्यालयों को टेक्नोलॉजी आधारित और भविष्य के लिए तैयार संस्थान बनाना जरूरी है।

## एक करोड़ दहेज का प्रचार करने वाले ने दी सफाई

**» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 14 मई।**



क्षेत्र में 10 मई की रात हुए निकाह में दूल्हे को एक करोड़ रुपये नकद, बीएमडब्ल्यू कार और बिचौलिए को स्कॉर्पियो कार देने की घोषणा करने वाले लोनी निवासी उम्मेद पहलवान इदरीसी ने एक वीडियो के जरिये सफाई पेश की है। यह वीडियो तब सामने आया जब निकाह की वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने उनकी जमकर आलोचना की और दहेज प्रथा को बढ़ावा देने का तंज कसा। एक समाचार चैनल से की बातचीत के दौरान उम्मेद पहलवान ने वीडियो में कहा कि दहेज लेना और देना दोनों गलत हैं। इससे मुस्लिम हो या हिंदू या कोई और समाज सभी को बचना चाहिए। मेरा मानना है कि जिस काम से हिंदुस्तान की जनता का दिल दुखे ऐसे सभी काम से बचना चाहिए यह मेरी अपील है। उन्होंने कहा कि निकाह में अगर मैं आवाज नहीं लगाता तो वह लोग बुरा मान जाते। भविष्य में अगर किसी निकाह में कोई उनसे इस तरह लेन-देन की आवाज लगाने की बात कहता है तब वह साफ इन्कार करेंगे। उम्मेद पहलवान इदरीसी का यह वीडियो बयान तब सामने आया जब 11 मई को उनकी एक अन्य वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स व व्हाट्सएप पर वायरल हुई थी। जिसमें वह घोषणा करते दिख रहे थे कि दूल्हे को 1 करोड़ रुपये नकद, 1 बीएमडब्ल्यू कार, बिचौलिए को स्कॉर्पियो कार व शादी में सहयोग करने वाले कुछ कर्मियों को बाइकें दी गई हैं।

## पूर्व प्रधान के घर के बाहर बदमाशों ने फायरिंग की, धमकी देकर भागे

**» लोनी, यूटर्न/ 14 मई।**



भूपखेड़ी गांव में कार सवार बदमाशों द्वारा पूर्व प्रधान रोहताश के घर के बाहर गाली गलौज के बाद फायरिंग करने का मामला सामने आया है। मामले में पूर्व प्रधान ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। यह घटना तीन मई की रात की है। वहीं पुलिस ने फायरिंग की बात से इन्कार किया है।

पूर्व प्रधान रोहताश ने पुलिस को बताया कि तीन मई को वह परिवार के सदस्य के साथ घर में खाना खाने के बाद सो रहे थे। इस दौरान रात करीब 11.40 बजे कार उनके घर के गेट के सामने आकर रुकी। कार में सवार बदमाश गाली गलौज कर मुख्य गेट पर एक एक करके तीन बार फायरिंग की। फायरिंग की आवाज सुन वह और परिवार के सदस्य जाग गए। शोर मचाने व गांव में जाग होने पर कार सवार बदमाश धमकी देते हुए फरार हो गए।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फायरिंग की घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पीड़ित की शिकायत पर कार सवार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सीसीटीवी फुटेज की सहायता से कार की सुरागकशी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# दिल्ली के पॉश इलाके में दिन ढले बुजुर्ग सीए के घर में घुसकर लूट, मारपीट कर अगवा; मांगे 50 लाख

**» दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**





दक्षिण दिल्ली के पॉश इलाके सैनिक फार्म में 72 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट के घर में घुसकर लूटपाट और मारपीट करने के बाद उन्हें अगवा कर लिया गया। आरोपियों ने रास्ते में 50 लाख रुपये रंगदारी मांगी। जब आरोपी पीड़ित से 50 लाख रुपये की उगाही करने में विफल रहे तो उन्होंने पीड़ित और उनकी कार को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर छोड़ दिया। दक्षिण जिला पुलिस ने इस मामले को 36 घंटे में सुलझाने का दावा करते हुए एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि यह वारदात दो मई को शाम करीब 7.45 बजे घटी। पीड़ित बुजुर्ग घर में अकेले थे, तभी तीन लोग जबरन उनके घर में घुस गए। आरोपियों ने उन्हें काबू में कर लिया, उनके साथ मारपीट कर टेप से उन्हें बांध दिया। आरोपियों ने अलमारी में रखे पांच लाख रुपये, दराज से 8,000-10,000 रुपये, बटुआ, तीन अंगूठियां और मोबाइल फोन सहित दस्तावेज लूट लिए। इसके बाद आरोपी पीड़ित को जबरन अपनी गाड़ी में बिठाकर मेरठ की ओर ले गए।

रास्ते में अपहरणकर्ताओं ने पीड़ित से 50 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने पीड़ित को दुर्घटना का बहाना बनाकर किसी परिचित से 15 लाख रुपये का इंतजाम करने के लिए मजबूर किया। जब पीड़ित पैसे का इंतजाम करने में नाकाम रहे तो आरोपियों ने उन्हें उनकी गाड़ी सहित हरियाणा के फिरोजपुर झिरका इलाके में दिल्ली-मुंबई राजमार्ग पर छोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस से संपर्क किया। मेडिकल जांच में बुजुर्ग के शरीर पर काफी चोटें मिले हैं।

### तीन मई को सूचना मिली थी

पुलिस उपायुक्त मित्तल ने बताया कि इस वारदात के संबंध में तीन मई को नेब सराय थाना पुलिस को सूचना मिली। इसके बाद जांच अधिकारी एसआई प्रिंस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जिसके बाद अपहरण, लूटपाट, मारपीट और आपराधिक साजिश से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गईं।

### चार लाख रुपये, पर्स और कार बरामद

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि लगातार प्रयासों और 36 घंटे की खोज के बाद एसआई विवेक, एसआई रोहताश व एसआई प्रिंस राजपूत की टीम ने उत्तर प्रदेश के मथुरा से दो आरोपियों हरियाणा के फतेहाबाद निवासी सुरेंद्र और दिल्ली के कालकाजी की रहने वाली कल्पना को गिरफ्तार किया। दो अन्य आरोपियों वीपीओ धानी सांचला, तहसील टोहाना, फतेहाबाद निवासी कुलदीप और सुशील को देर रात गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि लूटी गई नकदी में से चार लाख रुपये, पीड़ित का पर्स और कार बरामद कर ली गई है।

## गलत तरीके से मजार का निर्माण कराने वाले तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**» लोनी, यूटर्न/ 14 मई।**

ट्रॉनिका सिटी सेक्टर बी-एक स्थित आवासीय क्षेत्र की पुरानी मजार का गलत तरीके से निर्माण कराने वाले तीन आरोपियों के खिलाफ यूपीसीडा ने ट्रॉनिका सिटी थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। स्थानीय लोगों ने नमाज पढ़े जाने से अराजकता फैलने और माहौल खराब होने की आशंका जताई थी।

यूपीसीडा के सहायक प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने ट्रॉनिका सिटी थाने में दी शिकायत में बताया कि विभाग की ओर से वर्ष 2000 में सेक्टर बी-एक में विकास कार्य कराया था। आरोप है कि क्षेत्र में विकास कार्य करते समय अज्ञात दूसरे धर्म के लोगों ने वहां मौजूद अवैध मजार का विस्तार करना प्रारंभ कर दिया। यह मजार करीब 26 साल पहले बनी थी। लोगों द्वारा शिकायत करने पर यूपीसीडा द्वारा मजार के विस्तार के काम को रोक दिया गया था।

# एमजीएल ने एमएमआर रीजन में सीएनजी की कीमतों को 2 रुपए प्रति किलो तक बढ़ाया

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।



महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) ने कॉम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की कीमतों में 2 रुपए प्रति किलो बढ़ाकर 84 रुपए प्रति किलो कर दिया है। यह सरकारी कंपनी मुख्यतः मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन (एमएमआर) क्षेत्र में सीएनजी की आपूर्ति करती है।

गैस की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की अधिक कीमतें, कमजोर रुपया और हॉर्मुज स्ट्रेट बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला संबंधी बाधाओं को माना जा रहा है।

एमजीएल मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई और एमएमआर के आसपास के इलाकों में ऑपरेट करती है और इसका उसर इन इलाकों में रहने वाले उपभोक्ताओं पर होगा। फिलहाल दिल्ली एनसीआर, जहां परिचालन इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के हाथ में है, कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं है। एमजीएल की ओर से सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली-एनसीआर के उपभोक्ताओं की नजर भी कीमतों पर बनी हुई है।

एमजीएल ने कहा कि गैस खरीद की बढ़ती लागत, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, रुपए के अवमूल्यन और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के चलते कीमतों में वृद्धि हुई है। एमजीएल के एक अधिकारी ने बताया, '14 मई आधी रात से सीएनजी की कीमत में 2 रुपए प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई, जिससे शहर और आसपास के इलाकों में नई संशोधित दर 84 रुपए प्रति किलोग्राम हो जाएगी।'

# केंद्र ने देश को समर्पित की सीईएल की 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूल निर्माण लाइन

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) की 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग लाइन देश को समर्पित कर दी। भारत इस समय सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और समुद्र-आधारित ऊर्जा प्रणालियों सहित कई गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षेत्रों में तेजी से अपनी क्षमता बढ़ा रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा में रिन्यूएबल और स्वच्छ ऊर्जा की बड़ी भूमिका रहने वाली है।

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का राष्ट्रीय लक्ष्य दिया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि हर रिन्यूएबल एनर्जी स्रोत की अपनी उपयोगिता और महत्व है। भारत स्वच्छ ऊर्जा विस्तार और सतत विकास के लिए एकीकृत दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है।




डॉ. सिंह ने 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग लाइन के शुरू होने को भारत के स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह सुविधा देश में स्वदेशी मैन्युफैक्चरिंग और रिन्यूएबल एनर्जी के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाती है।

सीईएल के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत का पहला सोलर सेल 1977 में सीईएल ने बनाया था। इसके अलावा देश का पहला सोलर प्लांट भी 1979 में इसी संगठन ने स्थापित किया था।

उन्होंने कहा कि सीईएल का सफर काफी प्रेरणादायक रहा है। एक समय यह संस्था विनिवेश की कगार पर थी, लेकिन अब यह मुनाफा कमाने वाली मिनी रत्न कंपनी बन चुकी है।

मंत्री ने कहा कि यह बदलाव मजबूत नेतृत्व, सरकारी नीतियों के समर्थन, बेहतर संचालन और संगठन से जुड़े वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए 24 अप्रैल 2025 को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी किया गया था। एक महीने के भीतर सफल बोलीदाता का चयन कर लिया गया और एक साल से भी कम समय में यह निर्माण सुविधा चालू हो गई।

सीईएल अब भविष्य से जुड़े कई नए क्षेत्रों में भी विस्तार कर रही है, जिनमें वर्टिकल एक्सिस विंड टर्बाइन, हाइब्रिड रिन्यूएबल सिस्टम, डेटा सेंटर, एडवांस डिफेंस इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और छोटे हथियार प्रणालियां शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि यह भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता और रणनीतिक तैयारी को दर्शाता है।

# एसयूवी कोडियाक का नया 2026 मॉडल लॉन्च




» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।

भारतीय बाजार में स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी फ्लैगशिप एसयूवी कोडियाक का नया 2026 मॉडल लॉन्च कर दिया है। नई कोडियाक की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 26.99 लाख रुपये रखी गई है, जो इसके पांच सीटों वाले लाउंज वेरिएंट के लिए है। वहीं, स्पोर्टलाइन सात-सीटर वेरिएंट की कीमत 44.99 लाख रुपये और टॉप मॉडल सेलेक्शन एल एंड के की कीमत 46.99 लाख रुपये तय की गई है। यह एसयूवी कई प्रीमियम फीचर्स और एडवांस सेफ्टी तकनीक से लैस है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है। लाउंज वेरिएंट में 786 लीटर का विशाल बूट स्पेस मिलता है, जो लंबी यात्राओं के लिए पर्याप्त है। सभी वेरिएंट्स में 2.0 लीटर टीएसआई इंजन, सात स्पीड डीएसजी ट्रांसमिशन और फोर व्हील ड्राइव सिस्टम दिया गया है, जो 201 बीएचपी की पावर और 320 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। इसमें पैनोरमिक सनरूफ, थ्री-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, प्रीमियम इंटीरियर और लेदर स्टीयरिंग व्हील जैसे शानदार फीचर्स शामिल हैं।

इसकी असेंबली महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर प्लांट में जारी रहेगी। नई कोडियाक की सबसे बड़ी खासियत इसमें दिया गया लेवल-2 एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम) है।

यह स्कोडा की भारत में पहली ऐसी एसयूवी बन गई है जिसमें यह अत्याधुनिक तकनीक दी गई है। इसमें एडॉप्टिव क्रूज कंट्रोल, फ्रंट असिस्ट, लेन असिस्ट, ब्लाइंड स्पॉट डिटेक्शन और रियर ट्रैफिक अलर्ट जैसे कई सुरक्षा फीचर्स मिलते हैं।

# एमपीवी अर्टिगा ने दर्ज की सबसे ज्यादा बिक्री

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।

मारुति सुजुकी की लोकप्रिय एमपीवी अर्टिगा ने सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया है। अप्रैल महीने के जारी किए बिक्री आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अर्टिगा की कुल 19,063 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में लगभग 21 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाती है। भारतीय बाजार में बड़े परिवारों के बीच सात सीटों वाली कारों की मांग लगातार बढ़ रही है।

अपने बेहतर बजट और माइलेज के संतुलन के कारण, अर्टिगा भारतीय परिवारों की पहली पसंद बनी हुई है। सात सीटों वाली कारों की बिक्री में दूसरे स्थान पर महिंद्रा स्कॉर्पियो रही, जिसकी अप्रैल में 14,719 यूनिट्स बिकीं। हालांकि इसकी बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत की मामूली गिरावट देखी गई है, लेकिन इसकी लोकप्रियता ग्रामीण और शहरी



दोनों क्षेत्रों में बनी हुई है। तीसरे नंबर पर टोयोटा इनोवा ने अपनी जगह बनाई, जिसकी अप्रैल में 9,630 यूनिट्स की बिक्री हुई।

इनोवा की बिक्री में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो प्रीमियम एमपीवी सेगमेंट में इसकी मजबूत स्थिति को बरकरार रखती है। इस सूची में महिंद्रा बोलेरो भी प्रमुखता से शामिल रही, जिसकी अप्रैल में 8,917 यूनिट्स बिकीं, जो पिछले साल की तुलना में 6.4 प्रतिशत अधिक है।

# सुपरबाइक, डुकाटी पैनिगेल वी4 लेम्बोर्गिनी लान्च

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।

भारत में बाइक निमार्ता कंपनी डुकाटी ने लिमिटेड एडिशन सुपरबाइक, डुकाटी पैनिगेल वी4 लेम्बोर्गिनी लॉन्च की है। यह सुपर बाइक अपनी लॉन्चिंग के साथ ही देश में सोल्ड आउट हो चुकी है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत एक करोड़ रुपये रखी गई है। दुनिया भर में इसकी केवल 630 यूनिट्स तैयार की जाएंगी और भारत के लिए लाई गई सभी इकाइयां लॉन्च होते ही बुक हो गईं, जो इसकी असाधारण मांग को दर्शाती हैं।

कंपनी ने बताया कि यह बाइक डुकाटी और लेम्बोर्गिनी की साझेदारी का एक अनूठा प्रतीक है। ग्राहकों को इस विशेष बाइक की डिलीवरी एक लकड़ी के क्रेट में दी जाएगी, जिसके साथ



ऑथेंटिसिटी सर्टिफिकेट, एक विशेष मोटरसाइकिल कवर और कस्टमाइज्ड बॉक्स भी मिलेगा। बाइक में 1103 सीसी का दमदार वी4 इंजन लगा है, जो 216 बीएचपी की जबरदस्त पावर और 122.1 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। हल्के वजन और कार्बन फाइबर के व्यापक इस्तेमाल के कारण इसका पावर-टू-वेट रेशियो काफी बेहतर है।

# एसयूवी कुशाक का फेसलिफ्टेड संस्करण लांच

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।

भारतीय बाजार में स्कोडा ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी कुशाक का फेसलिफ्टेड संस्करण उतार दिया है। एसयूवी कुशाक के इस अपडेटेड मॉडल में कई कॉस्मेटिक बदलावों के साथ-साथ आधुनिक फीचर्स भी जोड़े गए हैं। एसयूवी के फ्रंट में नया ग्रिल, बंपर और बेहतर लाइटिंग डिजाइन दिया गया है। सभी वेरिएंट्स में अब फ्रंट पार्किंग सेंसर और अलॉय व्हील्स भी मानक के तौर पर उपलब्ध हैं। पिछले हिस्से में कनेक्टेड लाइटें, एक नया बंपर और सीक्वेंशियल इंडिकेटर इसके स्टाइलिश लुक को और बढ़ाते हैं। इंटीरियर में ड्यूल-टोन थीम, 10.25 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर,



पैनोरमिक सनरूफ, एंबिएंट लाइटिंग और फ्रंट वेंटिलेटेड सीटें जैसी सुविधाएं मिलती हैं। लंबी यात्राओं के लिए रियर सीटों पर मसाज फीचर, वायरलेस चार्जर और कई चार्जिंग पोर्ट्स इसे और सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें 385 लीटर से लेकर 1405 लीटर तक का बूट स्पेस भी मिलता है। बेहतर ड्राइविंग अनुभव और प्रीमियम फीचर्स के साथ, नई स्कोडा कुशाक फेसलिफ्ट भारतीय ग्राहकों के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी विकल्प बनकर उभरी है। सुरक्षा के मोर्चे पर, नई कुशाक को छह एयरबैग, एबीएस, ईबीडी, ट्रैक्शन कंट्रोल, ईएससी, हिल होल्ड कंट्रोल और रियर पार्किंग कैमरा जैसे कई फीचर्स के साथ मजबूत बनाया गया है। हालांकि इसमें एडीएएस तकनीक का अभाव है, कंपनी ने अन्य आवश्यक सुरक्षा सुविधाओं को सुनिश्चित किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऐप्पल अपने फोल्डेबल फोन को दे सकती है आईफोन अल्ट्रा नाम

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** दिग्गज टेक कंपनी ऐप्पल आगामी सितंबर 2026 में अपने नए आईफोन लाइनअप के साथ पहले फोल्डेबल आईफोन को भी पेश कर सकती है। हालिया लीक में दावा किया गया है कि ऐप्पल अपने फोल्डेबल फोन को आईफोन अल्ट्रा नाम दे सकती है। बताया जा रहा है कि यह डिवाइस बेहद कॉम्पैक्ट डिजाइन में आएगा और इसका आकार पासपोर्ट जैसा हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी इस फोल्डेबल फोन को दो कलर ऑप्शन सिल्वर व्हाइट और डीप इंडिगो में लॉन्च कर सकती है। टेक वेबसाइट मैकवर्ल्ड की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ऐप्पल इस बार अपने लाइनअप में कुल छह नए मॉडल पेश कर सकती है। इनमें आईफोन 18 प्रो, आईफोन 18 प्रो मैक्स, आईफोन 18, आईफोन 18ई, आईफोन एयर और नया फोल्डेबल मॉडल शामिल हो सकता है। हालांकि माना जा रहा है कि सितंबर में केवल प्रीमियम मॉडल लॉन्च किए जाएंगे, जबकि बाकी मॉडल अगले साल की शुरुआत में बाजार में आ सकते हैं। फोल्डेबल आईफोन की संभावित कीमत को लेकर भी काफी चर्चा है।

### महंगे कच्चे तेल का असर! थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर या थोक महंगाई दर अप्रैल में सालाना आधार पर 8.30 प्रतिशत (प्रोविजनल) रही है। इससे पहले मार्च में यह 3.88 प्रतिशत थी। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को दी गई। सरकार ने आधिकारिक बयान में कहा कि अप्रैल में महंगाई के सकारात्मक रहने की वजह खनिज तेल, कच्चे तेल और नेचुरल गैस, बेसिक मेटल, अन्य मैन्युफैक्चरिंग और गैर-खाद्य उत्पादों की कीमतों में इजाफा होना है। आंकड़ों के मुताबिक, प्राइमरी आर्टिकल्स में थोक महंगाई दर सालाना आधार पर 9.17 प्रतिशत रही। फ्यूल एंड पावर में महंगाई दर सालाना आधार पर 24.71 प्रतिशत और मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स में महंगाई दर 4.62 प्रतिशत रही। हालांकि, खाद्य उत्पादों में महंगाई में नरमी बनी हुई है और अप्रैल में यह सालाना आधार पर 2.31 प्रतिशत रही है। आंकड़ों के मुताबिक, क्रूड पेट्रोलियम की कीमत में थोक महंगाई दर में सालाना आधार पर 88.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### नशे में सड़क पर लेटे युवक कार की चपेट में आया, बाल-बाल बची जान

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।** सोशल मीडिया पर बीच सड़क में लेटे युवक पर कार चढ़ाने का वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार व्यक्ति शराब के नशे में सड़क पर लेटा हुआ था, इस दौरान वहां से गुजर रही कार चालक उसे देख नहीं पाया और वाहन उसके ऊपर चढ़ा दिया। हालांकि, चालक को जैसे ही टक्कर का एहसास हुआ, उसने तुरंत गाड़ी रोक दी और आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल व्यक्ति को सड़क से हटाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा।

### नाबालिगों को शराब की बिक्री करने पर होगी सख्त कार्रवाई : प्रबीना

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।** मानेसर जोन की पुलिस उपायुक्त प्रबीना ने बुधवार को अपने कार्यालय में शराब कारोबारियों व लाइसेंस धारकों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य मानेसर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखना था। वहीं, कारोबारियों को आबकारी नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित सभी शराब विक्रेताओं को पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट व सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में नाबालिगों को शराब की बिक्री न की जाए। यदि किसी दुकान या विक्रेता द्वारा नाबालिगों को शराब बेचते हुए पाया गया, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।** पालम विहार क्षेत्र में 6 मई को एक गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बरेली के बसुधरण जागीर गांव निवासी इंतजार अहमद ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने बताया कि वह ओम विहार फेज-2 में रहता है। 6 मई को 9:15 बजे सेक्टर-30 में अपने काम से वापस घर जा रहा था। इस दौरान धर्म कालोनी पार्ट-2 में ट्रॉला पार्किंग रोड पर पहुंचा तो एक गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गई।

# सोने की खरीदारी में आई गिरावट सराफा व्यापारियों की चिंता बढ़ी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील से सराफा व्यापारियों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों का कहना है कि उनका भी परिवार है। अगर पीएम की अपील पर लोगों ने सोना-चांदी के आभूषण खरीदने बंद कर दिया तो केवल व्यापारी नहीं कारिगर भी सड़क पर आ जाएंगे।

पीएम ने जनता से इस समय सोना नहीं खरीदने का आ'ान किया था। इसके अलावा भारत सरकार ने स्वर्ण आयात शुल्क 5 प्रतिशत से बढ़ा कर 10 प्रतिशत और कृषि उपकर एक प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत कर दिया है। जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने इसको लेकर सरकार को कई



सुझाव दिए हैं और कई मांगें रखी हैं। गुरुग्राम में स्वर्ण व्यापारियों का कहना है कि इस वक्त जब सोने की कीमतें पहले से ही ज्यादा है, लोग कम सोना खरीद रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ'ान के बार व्यापार काफी कम हो गया है। व्यापारियों का कहना है कि सोने पर आयात शुल्क लगाने से कीमतें बढ़ती है मगर इससे खरीदारी कम नहीं होती है, तस्करी जरूर बढ़ जाती है। व्यापारियों में भी राष्ट्र प्रथम का भाव है मगर सोने, चांदी की खरीदारी कम होने व्यापारियों के साथ इस व्यवसाय के कारीगर भी सड़क पर आ जाएंगे। आभूषणों के कारीगर 15-20 साल की मेहनत के बाद तैयार होते हैं। हमलोग प्रधानमंत्री का बहुत सम्मान करते हैं, उनके कहने का बहुत असर होता है। उनके की इस अपील से हमारे व्यापार में 70 से 80 प्रतिशत कमी आ रही है। छोटे व्यापारियों को दुकानें बंद करनी पड़ सकती है। सोने चांदी के कारीगर 15 से 20 वर्ष की मेहनत पर तैयार होते हैं,उन्हें कोई और काम नहीं आता, उनके परिवार सड़क पर आ जाएंगे। -डॉ. मंदीप किशोर गोयल

एक ओर प्रधानमंत्री ने लोगों को सोना नहीं खरीदने की सलाह दी दूसरी ओर सोने पर आयात शुल्क बढ़ा दिया गया। ये दोनों बातें हमारे उद्योग के लिए उचित नहीं है। गहनों की खरीदारी हमारी भावनाओं और संस्कृति से जुड़ा है। सरकार को विकल्प का रास्ता चुनने के लिए संगठन ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। - राजन किशोर गोयल

जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ने रिटेलर्स और निमार्ताओं के साथ बैठक कर इस मुद्दे पर एक राय बनाई है, सरकार को हमलोगों ने स्वर्ण आयात कम करने, निर्यातकों के लिए विशेष नीति, कार्यशील पूंजी पर दबाव कम करने के सुझाव दिए है। सरकार की इस नीति का एमएसएमई पर बहुत गहरा प्रभाव होगा। जेम्स एंड ज्वेलरी के 80 प्रतिशत एमएसएमई तरल मुद्रा की कमी से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री के कथन का असर बाजार पर पड़ने लगा है। मगर आने वाले दिनों में इसका असर ज्यादा होगा।

## गला दबाकर की गई थी हत्या युवती के शव का हुआ पोस्टमार्टम

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।**

आईएमटी मानेसर थाने के अंतर्गत शंकर की ढाणी में 11 मई की रात को हत्या की गई थी। मामले में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। डॉक्टरों के बोर्ड से कराए गए पोस्टमार्टम में गला दबाने से हत्या की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम कराने वाले डॉक्टरों के अनुसार मृत युवती के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा भी जांच के लिए लैब में भेजा गया है, ताकि हत्या मामले में सही जानकारी मिल सके। युवती की मौत के सही कारणों के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है। पुलिस हत्यारोपी देवेश कुमार को गिरफ्तार करने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मृत युवती की पहचान रायबरेली (उत्तर प्रदेश) के हरदोई गांव निवासी सोनी (23) के रूप में हुई है। युवती का गला दबाकर हत्या करने का आरोप उसके ममेरे भाई देवेश पर लगा है। घटना के बाद ही वह भागा हुआ है। मृत युवती सोनी के भाई दलीप कुमार की शिकायत पर देवेश के खिलाफ आईएमटी मानेसर



थाने में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस ने परिवार वालों के बयान दर्ज किए गए तो सामने आया कि कुछ समय पहले सोनी के ममेरे भाई देवेश कुमार ने नौकरी लगवाने के बहाने उससे कोर्ट मैरिज के दस्तावेज पर साइन करवा लिए थे। इसके बाद से ही वह सोनी को परेशान कर रहा था। परिवार वालों ने बताया कि सोनी फिलहाल झज्जर जिले के मेट सिटी में द्रुत ट्रांसमिशन कंपनी में नौकरी के प्रशिक्षण के लिए आई हुई थी। दो अन्य युवतियों के साथ शंकर की ढाणी में रामपाल के घर में किराये के कमरे में रह रही थी। बताया जा रहा है कि देवेश भी आईएमटी मानेसर में आकर सोनी के कमरे के साथ वाला कमरा किराये पर लेकर रहने लगा था।

## बिजली आपूर्ति में अब नहीं होगी देरी

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।**

बिजली निगम के प्रबंध निदेशक और प्रदेश के विशेष उर्जा सचिव विक्रम सिंह के निर्देशानुसार बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्देश जारी किए हैं। डीएचबीवीएन के स्टोर नियंत्रक एसएस कैन्तुरा द्वारा जारी आदेशों के अनुसार अब आपातकालीन परिस्थितियों में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए फील्ड कार्यालयों को एलटी/एचटी केबल जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।

फील्ड अधिकारियों को अब आपात स्थिति में 300 मीटर तक की एलटी/एचटी केबल जारी करने के लिए कार्यकारी अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को



स्टोर नियंत्रक कार्यालय से अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में तेजी आएगी और अनावश्यक देरी समाप्त होगी इसके साथ ही 63 एवं 100 केवीए क्षमता वाले डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मरों की उपलब्धता सामान्य होने के बाद उनकी आवंटन शक्तियां फिर से संबंधित ऑपरेशन के कार्यकारी अभियंता को सौंप दी गई हैं।

## युवक को झांसे में लेकर बैग से निकाले 50 हजार

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।** सुशांतलोक-1 स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के बाहर बुधवार को दो बदमाशों ने एक युवक को झांसे में लेकर 50 हजार रुपये बैग से निकाल लिए। पीड़ित युवक सद्दाम अहमद जब तक कुछ समझ पाते, दोनों बदमाश मौके से भाग चुके थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मेट्रो पुलिस थाने में अज्ञात युवकों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेगा मॉल में एक बुटिक शॉप चलाते है और सिकंदरपुर क्षेत्र में रहते हैं। वे मिलेनियम सिटी मेट्रो स्टेशन पर टिकट लेने जा रहे थे तो दो युवक मिले। युवकों ने कहा कि उनके पास तीन लाख रुपये हैं, ये रुपये ले लो और ऑनलाइन रुपये ट्रांसफर कर दो। सद्दाम अहमद ने युवकों को रुपये न होने की बात कही। इसके बाद वह बैंक में रुपये निकालने गया तो दोनों युवक भी उसके पीछे बैंक में चले गए। वह 50 हजार रुपये लेकर बैंक से बाहर आया तो बातों में उलझाकर उसके बैग से रुपये निकालकर ले गए।

# नीट पेपर लीक केस में फर्रुखनगर के युवक को राजस्थान एसओजी ने पकड़ा

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।**

नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले का गुरुग्राम कनेक्शन सामने आया है। फर्रुखनगर के खुरमपुर गांव में राजस्थान एसओजी की टीम ने छाप मारकर यहां रहने वाले यश यादव को काबू किया है। युवक उत्तराखंड के एक आयुर्वेदिक कॉलेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष का छात्र है।

गुरुग्राम पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि राजस्थान पुलिस की टीम युवक को पकड़कर ले गई है। उसे आगे सीबीआई के हवाले किया गया है। गुरुग्राम में पेपर लीक नहीं हुआ। सीबीआई यदि सहयोग मांगेगी तो गुरुग्राम पुलिस की ओर से जांच में पूरा सहयोग किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, यह छात्र प्रश्नपत्र लीक नेटवर्क की एक अहम कड़ी हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी छात्र ने यह प्रश्नपत्र महाराष्ट्र के




नासिक निवासी एक अन्य बीएएमएस छात्र से 15 लाख रुपये में खरीदा था। नासिक का यह संदिग्ध तीसरे वर्ष का छात्र है, जो भोपाल के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। बताया जा रहा है कि प्रिंटिंग प्रेस में हुई गड़बड़ी के जरिए उसने 10 लाख रुपये में प्रश्नपत्र लीक करवाया था। जांच में यह भी सामने आया है कि फर्रुखनगर के छात्र के माध्यम से ही लीक हुआ प्रश्नपत्र और उसके हल राजस्थान के सीकर तक पहुंचे।

पुलिस का कहना है कि आरोपी छात्र पहले सीकर में रह चुका है। वहीं एक कोचिंग संस्थान में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करता था।गुरुग्राम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि छात्र का सीकर के कई छात्रों और कोचिंग संस्थानों से संपर्क बना हुआ था, जिसके चलते उसने लीक प्रश्नपत्र वहां तक पहुंचाया हो सकता है। गुरुग्राम पुलिस के अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम सोमवार रात खुर्रमपुर पहुंची और संदिग्ध छात्र को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

गुरुग्राम पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि छात्र की गतिविधियों को लेकर आंतरिक जांच शुरू कर दी गई है। हम यह पता लगा रहे हैं कि परीक्षा से पहले और परीक्षा के दिन वह गुरुग्राम में था या कहीं और था। अधिकारियों के अनुसार, राजस्थान पुलिस की टीम ने छात्र के घर पर उसके परिवार के सामने उससे उसके संपर्कों और वित्तीय लेन-देन के बारे में गहन पूछताछ की। इसके बाद उसे तुरंत सड़क मार्ग से जयपुर ले जाया गया।

## घायल बदमाश जसपाल को डिस्चार्ज के बाद किया गिरफ्तार, भेजा जेल

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 14 मई।**

बंधवाड़ी गांव के पास 11 मई सुबह मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए बदमाश जसपाल उर्फ बब्बल को बुधवार को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया। डिस्चार्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भोंडसी जेल भेज दिया है। वहीं, मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली लगने से घायल सिपाही को भी बुधवार सुबह अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया।

सेक्टर-40 थाना के अंतर्गत कन्हई गांव में 2 मई की रात करीब 11 बजे गायक राहुल फाजिलपुरिया के इवेंट ऑर्गेनाइजर सौरभ यादव के घर फायरिंग मामले में पुलिस ने दो शूटर गिरफ्तार किए थे। शूटरों की पहचान तरन तारन (पंजाब) के नौने गांव निवासी गुरशेर सिंह उर्फ शेरा (23) व जसपाल उर्फ बब्बल (28) के रूप में हुई थी। चार दिन के रिमांड के दौरान पुलिस 11 मई की सुबह दोनों बदमाशों को हथियार की बरामदगी के लिए गुरुग्राम-फरीदाबाद



रोड स्थित बंधवाड़ी गांव के पास लेकर गई थी। हथियार बरामदगी के दौरान बदमाशों ने छिपाई हुई तीन ग्लॉक पिस्टलें उठाकर पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। आरोपियों ने पुलिस पर 8-10 राउंड फायर किए। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में गोलियां चलाई, जिसमें गोली लगने से आरोपी गुरशेर व जसपाल घायल हो गए। वहीं, गोली लगने से सिपाही नवीन कुमार भी घायल हो गए थे। इसमें शूटर गुरशेर सिंह उर्फ शेरा की मौत हो गई थी।

बदमाश जसपाल उर्फ बब्बल को अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# वैभव को सही दिशा नहीं मिली तो वह टी20 में ही रह जाएगा : डिविलियर्स

**जोहांसबर्ग, यूटर्न/ 14 मई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईपीएल में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे वैभव सूर्यवंशी को अगर सही दिशा और मार्गदर्शन नहीं मिला तो वह केवल टी20 क्रिकेटर बनकर ही रह जायेंगे। डिविलियर्स के अनुसार वैभव में काफी क्षमताएं हैं पर आगे बढ़ने के लिए उसे अभी लंबा रास्ता तय करना होगा। वैभव ने इस आईपीएल सत्र में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 400 से अधिक रन बनाये हैं। डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि वैभव में असाधारण प्रतिभा है पर इसके बाद भी उन्हें लगता है कि वह अन्य प्रारुपों विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में शायद ही टिक पाये। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वह टिक पाएगा या नहीं। हम जानते हैं कि उसमें प्रतिभा है पर मैं उसे दूसरे प्रारुपों में भी देखना चाहूंगा। टेस्ट क्रिकेट में, उसे पता नहीं चलता कि आप किस चीज के लिए खेलने वाले हैं। डिविलियर्स का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट मानसिक और शारीरिक रूप से बिल्कुल अलग क्षेत्र है, जिसमें सफल होने के लिए एक खिलाड़ी को टी20 वाली मानसिक स्थिति से बाहर आना होता है। अभी 15 साल की उम्र में ही वैभव एक बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे हैं। इतनी कम उम्र में उन्होंने हर प्रारुप में पेशेवर स्तर पर क्रिकेट खेला है।




# नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें। इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं। इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरूआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है। नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा। नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है। वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा।



# मातृत्व अनुभव को सांझा करते हुए रोने लगी कियारा आडवाणी

अपनी बेटी साराायाह के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी पहले मदर्स डे का जश्न मना रही हैं। कियारा ने पिछले साल 15 जुलाई को बेटी का स्वागत किया था। हाल ही में कियारा अपने मातृत्व अनुभव और पोस्टपार्टम के बाद के दौर पर खुलकर बात करने के लिए सुर्खियों में हैं। उन्होंने एक पॉडकास्ट में शिरकत की, जहाँ उन्होंने मां बनने के बाद एक महिला के जीवन में आने वाले गहरे बदलावों को साझा किया। कियारा ने बताया कि ये बदलाव केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक स्तर पर भी होते हैं, जो एक महिला के पूरे अस्तित्व को नया आयाम देते हैं। यह मां बनने के बाद कियारा का पहला पॉडकास्ट था, जिसमें उन्होंने अपनी मदरहुड यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। इस पॉडकास्ट की एक क्लिप तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कियारा इंटरव्यू के दौरान भावुक होकर रोने लगती हैं। अभिनेत्री ने कहा कि मां बनने के बाद उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल गई है।



# दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर बना रही पहचान

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के बाद बॉलीवुड की एक और अभिनेत्री दिशा पाटनी भी ग्लोबल मंच पर अपनी पहचान बनाने की तैयारी कर रही हैं। दिशा पाटनी की पहली इंटरनेशनल फिल्म 'द पोर्टल ऑफ फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसने काफी चर्चा बटोर ली है।

यह फिल्म एक काल्पनिक और रहस्यमयी दुनिया की कहानी पर आधारित है। 'स्टेटिगार्ड्स वर्सेज होलीगार्ड्स' नाम की नई फिल्म सीरीज की यह पहली कड़ी है। फिल्म की कहानी लाडो ओखोटनिकोव ने तैयार की है। इसमें दो प्राचीन शक्तियों के बीच संघर्ष को दिखाया गया है। एक पक्ष दुनिया में संतुलन और नियम बनाए रखने की बात करता है, जबकि दूसरा पक्ष अलग विचारधारा और नई दिशा का समर्थन करता है। इसी टकराव के बीच दिशा पाटनी का किरदार जेसिका सबसे अहम भूमिका में नजर आता है। फिल्म में जेसिका को एक ऐसी युवती के रूप में दिखाया गया है, जिसका संबंध दोनों विरोधी गुटों से है। वह दोनों पक्षों के नेताओं की बेटी है और इसी वजह से उसे दो दुनियाओं के बीच एक मजबूत कड़ी माना जाता है।



# इंस्पेक्टर अविनाश में आंतरिक भावनाओं की जरूरत : उर्वशी रौतेला

वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश के नए सीजन में पूनम मिश्रा के दमदार किरदार में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला पुनः वापसी कर रही हैं। उर्वशी ने अपने किरदार और अभिनय के दृष्टिकोण को लेकर कुछ बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि उनकी सार्वजनिक छवि हमेशा ग्लैमर और बाहरी सुंदरता से जुड़ी रही है, लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे प्रोजेक्ट्स में दिखावे और चमक-धमक से कहीं अधिक सच्ची और आंतरिक भावनाओं की जरूरत होती है। मीडिया से चर्चा में उर्वशी ने खुलासा किया कि एक कलाकार के रूप में वास्तविक रूप से आगे बढ़ने और अपने काम को निखारने के लिए परफॉर्मेंस वैनिटी यानी हर फ्रेम में एकदम परफेक्ट और खूबसूरत दिखने की सोच को त्यागना बेहद आवश्यक होता है। उन्होंने स्पष्ट किया, लोग अक्सर मुझसे हर फ्रेम, हर अभिव्यक्ति और हर पल में परफेक्शन की उम्मीद करते हैं, क्योंकि मेरी छवि वर्षों से ग्लैमरस रही है। लेकिन इंस्पेक्टर अविनाश जैसे गंभीर और यथार्थवादी प्रोजेक्ट विजुअल परफेक्शन से ज्यादा भावनात्मक ईमानदारी और सच्चाई की मांग करते हैं। अभिनेत्री ने बताया कि पूनम मिश्रा के इस किरदार को निभाने के लिए, उन्होंने खुद को वर्तमान क्षण में अधिक प्रेजेंट रखने पर ध्यान केंद्रित किया। उर्वशी ने कहा, असल जिंदगी में जब लोग किसी मुश्किल या दर्दनाक हालात से गुजर रहे होते हैं, तो वे यह नहीं सोचते कि वे कैसे दिख रहे हैं। वे केवल उस स्थिति पर प्रतिक्रिया दे रहे होते हैं, उन हालातों से जूझ रहे होते हैं, और अपनी भावनाओं को गहराई से महसूस कर रहे होते हैं। एक अभिनेता के तौर पर इस सच्चाई को समझना और उसे अपनी प्रस्तुति में उतारना मेरे लिए बेहद महत्वपूर्ण था। उर्वशी ने यह भी बताया कि संयमित अभिनय, यानी कम शब्दों, शांत शारीरिक भाषा और नियंत्रित भावों के जरिए गहरी भावनाएं व्यक्त करना, अक्सर अधिक नाटकीय अभिनय से कहीं ज्यादा मुश्किल होता है।

उन्होंने कहा, मौन, स्थिरता और नियंत्रित भावनाएं दिखाने के लिए एक अलग तरह के आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति की आवश्यकता होती है। कई बार, अपनी भावनाओं को कम करके या दबी हुई स्थिति में सच दिखाना, अति-नाटकीय प्रदर्शन से भी अधिक चुनौतीपूर्ण होता है और उसका प्रभाव भी गहरा होता है।

उर्वशी ने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा कि, एक कलाकार के तौर पर, यह उनके लिए यकीनन आजादी देने वाला अनुभव था, क्योंकि इसने मुझे हर पल अपनी छवि बनाए रखने के दबाव के बिना, अपनी भावनाओं को पूरी सच्चाई और ईमानदारी से दिखाने का मौका दिया। यह उनके अभिनय करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो रहा है, जहां वे अपनी ग्लैमरस छवि से हटकर, अधिक गंभीर और संवेदनशील किरदारों में अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। बता दें कि इंस्पेक्टर अविनाश पहली बार साल 2023 में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से खूब सराहना मिली थी। इस सीरीज में रणदीप हुड्डा मुख्य भूमिका में हैं।

# ईरान परमाणु हथियार बनाने की सीमा से कुछ हफ्ते दूर, अमेरिकी सीनेटरों ने दी चेतावनी

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 14 मई।**

अमेरिका की सीनेट आर्म्ड सर्विसेज कमेटी की सुनवाई में अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ईरान हथियार बनाने योग्य यूरेनियम संवर्धन से बस कुछ हफ्ते दूर है। ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने सांसदों को बताया कि ईरान 60 फीसदी तक यूरेनियम संवर्धन कर चुका है, जो तकनीकी रूप से हथियार योग्य स्तर के बहुत करीब माना जाता है, इसलिए स्थिति बेहद चिंताजनक है।

बुधवार (स्थानीय समय) को सुनवाई के दौरान सीनेट आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के अध्यक्ष रोजर विकर ने कहा कि दुनिया पहले से ज्यादा जटिल और खतरनाक हो गई है, क्योंकि चीन और



रूस अपने परमाणु हथियारों का तेजी से विस्तार और आधुनिकीकरण कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की पुरानी मैनहैटन प्रोजेक्ट युग की परमाणु संरचना को आधुनिक बनाने में देरी हो रही है।

ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने कहा कि अमेरिका का लक्ष्य दुश्मन को रोकने की शक्ति, तत्परता और उत्पादन को मजबूत करना है। उन्होंने दावा किया कि देश सात बड़े हथियार आधुनिकीकरण कार्यक्रम एक साथ चला रहा है और वे तय समय से आगे हैं। उन्होंने कहा, 'न्यूक्लियर वार रोकने का सबसे अच्छा तरीका है कि अमेरिका की ताकत पर कोई सवाल न हो।

डेमोक्रेट सांसद जैक रिड ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव और संघर्ष के कारण ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं और अमेरिकी परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ा है। जैक रीड ने कहा कि सार्वजनिक रिपोर्टों के अनुसार ईरान-अमेरिका युद्ध के कारण ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे अमेरिका के लोगों को कुल मिलाकर लगभग 37 अरब डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ा है। इस खर्च को जब औसत परिवारों में बांटा जाता है, तो यह लगभग हर घर पर करीब 289 डॉलर का बोझ पड़ता है। सांसदों ने यह भी सवाल उठाया कि क्या अमेरिका फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करेगा, जिस पर अधिकारियों ने कहा कि हथियारों की विश्वसनीयता जांचने के लिए विस्फोटक परीक्षण की जरूरत नहीं है, क्योंकि आधुनिक तकनीकों से लगातार परीक्षण किए जा रहे हैं। ब्रैंडन विलियम्स ने बताया कि अमेरिका हर साल 1000 से अधिक गैर विस्फोटक परीक्षण करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त अरब अमीरात ने नेतन्याहू के यूएई दौरे की खबरों का किया खंडन

**अबू धाबी, यूटर्न/ 14 मई।** संयुक्त अरब अमीरात ने उन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि बेंजामिन नेतन्याहू ने देश की गुप्त यात्रा की थी और वहां मुलाकातें की थीं। यूएई के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ऐसी कोई भी यात्रा या सैन्य प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी की खबरें गलत और आधारहीन हैं, जब तक कि इसकी आधिकारिक घोषणा न की जाए। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार (लोकल टाइम) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि इजरायल के साथ उसके संबंध अब्राहम समझौते के फ्रेमवर्क के अंदर हैं, न कि किसी सीक्रेट अरेंजमेंट पर आधारित हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने आगे कहा कि बिना बताए दौरे या बिना आधिकारिक अरेंजमेंट के बारे में कोई भी दावा तब तक बेबुनियाद है, जब तक यूएई के संबंधित ऑफिशियल अधिकारी इसकी घोषणा न करें।

### दक्षिण कोरिया की मिसाइल ने बढ़ाई चीन, अमेरिका की टेंशन

**सियोल, यूटर्न/ 14 मई।** प्रशांत महासागर के रणनीतिक जलक्षेत्र में अमेरिका और चीन के बीच जारी वर्चस्व की जंग अब आसमान के उस छोर पर पहुंच गई है, जहां जीत का फैसला मिसाइलों की रफ्तार और अचूक मारक क्षमता से होगा। इसी महाशक्ति संघर्ष के बीच दक्षिण कोरिया ने अपनी रक्षा कंपनी हनवा एयरोस्पेस के माध्यम से एक ऐसा दांव चला है, जिसने वैश्विक रक्षा विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। दक्षिण कोरिया द्वारा विकसित की जा रही लॉन्ग रेंज एयर टू एयर मिसाइल केवल एक हथियार नहीं, बल्कि उस एशियाई चक्रव्यूह का जवाब है जिसने अब तक पश्चिमी तकनीक पर निर्भरता बनाए रखी थी।

### इजरायल-यूएई के बीच गुप्त बैठक के दावे पर छिड़ा विवाद, अमीरात ने कड़ाई से किया खंडन

**अबू धाबी, यूटर्न/ 14 मई।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान-इजरायल युद्ध के बीच एक नई कूटनीतिक हलचल ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दावा किया कि युद्ध के दौरान उनकी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के साथ एक गुप्त बैठक हुई थी। हालांकि, यूएई ने इस दावे को पूरी तरह निराधार बताते हुए इसका सख्त लहजे में खंडन किया है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने 26 मार्च को गुप्त रूप से यूएई के अल ऐन शहर का दौरा किया था। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा और ईरान के साथ जारी संघर्ष पर घंटों रणनीतिक चर्चा हुई। इजरायल ने इसे रिश्तों में एक ऐतिहासिक सफलता के रूप में पेश किया।

### युद्धविराम शुरू होने के बाद से लेबनान में 23 बच्चे मारे गए, 93 घायल : यूनिसेफ

**न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 14 मई।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि 17 अप्रैल से लागू युद्धविराम के बाद से लेबनान में कम से कम 23 बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि 93 बच्चे घायल हुए हैं। यूनिसेफ ने बुधवार को जारी बयान में कहा, 'स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सीजफायर शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम 23 बच्चे मारे गए और 93 घायल हुए हैं। दो मार्च से अब तक कुल 200 बच्चों की मौत और 806 बच्चे घायल हुए हैं, यानी औसतन हर दिन लगभग 14 बच्चे मारे गए या फिर घायल हुए हैं।' बयान में यह भी कहा गया कि पिछले सात दिनों में ही लेबनान में हमलों में मारे गये और घायल बच्चों की संख्या 59 पहुंच गयी है। मंगलवार सुबह बेरूत के दक्षिण में एक कार पर हुए हमले में दो बच्चों और उनकी मां की मौत हुई है। संगठन ने कहा कि लगातार हो रहे हमले और हिंसा बच्चों के मानसिक तनाव को और बढ़ा रहे हैं। यूनिसेफ के अनुमान के मुताबिक, 'लगभग 7.7 लाख बच्चे बार-बार हिंसा, नुकसान और विस्थापन का सामना करने के कारण गंभीर मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं।' आधिकारिक तौर पर लेबनान और इजरायल के बीच युद्धविराम लागू है लेकिन इसके बावजूद इजरायल के विमान और तोपखाना रोजाना लेबनान के इलाकों पर हमले कर रहे हैं।

### वैश्विक अनिश्चितता के बीच ब्रिक्स से रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका की बढ़ रही उम्मीदें : जयशंकर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।** भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों के बीच यह उम्मीद बढ़ रही है कि ब्रिक्स वैश्विक अनिश्चितता, संघर्षों और आर्थिक चुनौतियों के बीच एक 'रचनात्मक और स्थिर करने वाली भूमिका निभाएगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत मंडपम में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की मीटिंग में ओपनिंग स्पीच देते हुए कहा, 'भारत की अध्यक्षता आपके सपोर्ट की तारीफ करती है, जिससे हमारे काम की लगातार तरक्की में मदद की है।'

# ईयू देशों के मिशन प्रमुखों ने की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 14 मई।**



यूरोपीय संघ (ईयू) के (27 सदस्य देश) के मिशन प्रमुखों (एचओएम) ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-यूरोपीय संघ के 'मजबूत होते रणनीतिक संबंधों' और मौजूदा वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई।

कांग्रेस की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष भी इस दौरान मौजूद रहे, और ईयू प्रतिनिधिमंडल की ओर से शांति निकेतन में आयोजित लंच में शामिल हुए।

भारत में ईयू के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने एक्स पोस्ट में बताया, ' ईयू एचओएम की ओर से आयोजित लंच में एलओपी राहुल गांधी और कांग्रेस के विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष सलमान खुर्शीद शामिल हुए। इस बैठक में भारत और ईयू के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों और वैश्विक परिस्थितियों पर विचार-विमर्श हुआ ।

पिछले हफ्ते डेल्फिन ने ईयू और भारत के घनिष्ठ संबंधों की ओर ध्यान दिलाया था। कहा था कि ये दुनिया की दो सबसे बड़ी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि हाल के समय में संबंधों में 'गुणात्मक और रणनीतिक' स्तर पर बड़ा बदलाव आया है और दोनों पक्ष एक अधिक



महत्वाकांक्षी और प्रगतिशील साझेदारी की ओर बढ़ रहे हैं।

वहीं, गुरुवार को ही भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर सवाल पूछे।

बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की घोषित आय और विदेश यात्राओं पर किए गए खर्च में बड़ा अंतर है। उन्होंने दावा किया कि पिछले वर्षों में राहुल गांधी की घोषित आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है, जबकि उनकी विदेशी यात्राओं पर करीब 60 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। पात्रा ने सवाल उठाया कि इन यात्राओं के लिए धन कहां से आता है—क्या यह व्यक्तिगत फंड है, किसी अन्य स्रोत से है या विदेशी फंडिंग का मामला है। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में पारदर्शिता की कमी है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा सवाल भी बन सकता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल के वर्षों में कुछ विदेश यात्राओं की जानकारी समय पर सार्वजनिक नहीं की गई, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंताएँ भी सामने आई हैं। हालांकि, इस पूरे विवाद पर कांग्रेस की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ट्रंप के चीन दौरे के बीच वेंस ने खुद को बताया होम अलोन का केविन

### उपराष्ट्रपति ने सीक्रेट सर्विस के नियमों का दिया हवाला

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 14 मई।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इन दिनों चीन की अपनी आधिकारिक और महत्वपूर्ण यात्रा पर हैं, जहां बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका भव्य स्वागत किया है। राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में वॉशिंगटन स्थित वाइट हाउस की जिम्मेदारी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस संभाल रहे हैं।

इस दौरान जेडी वेंस ने एक मजाकिया बयान देकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने वाइट हाउस में अपनी स्थिति की तुलना 1990 की प्रसिद्ध हॉलीवुड फिल्म होम अलोन के बाल कलाकार मैकाले कल्किन (केविन) से की। वेंस ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि जब राष्ट्रपति देश से बाहर होते हैं, तो वाइट हाउस में एकदम सन्नाटा पसरा होता है। उन्होंने बताया कि सीक्रेट सर्विस के प्रोटोकॉल के कारण राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति एक साथ विदेश यात्रा नहीं कर सकते।

दरअसल, अमेरिकी सुरक्षा नियमों के तहत लाइन ऑफ सक्सेशन यानी सत्ता के उत्तराधिकार को सुरक्षित रखने के लिए यह अनिवार्य है कि दोनों शीर्ष नेता एक ही समय में देश से बाहर न रहें।

वेंस ने हंसते हुए कहा, जब मैं अकेले वाइट हाउस में दाखिल होता हूं, तो मुझे यह समझने में एक पल लगता है कि आखिर चल क्या रहा है। हंसी-मजाक के इतर, उपराष्ट्रपति वेंस ने प्रशासनिक मुद्दों पर कड़ा रुख भी दिखाया।

# मैं अमेरिका के कुछ लोगों की परवाह नहीं करता: ट्रंप

### बीजिंग में यूएस राष्ट्रपति ने जिनपिंग को महान बताया

» **बीजिंग, यूटर्न/ 14 मई।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दो दिवसीय दौरे पर चीन पहुंचे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में अमेरिका और चीन के राष्ट्रगान बजाए गए। ट्रंप और शी ने रेड कार्पेट पर चलते हुए सैन्य गार्ड का निरीक्षण किया। समारोह स्थल पर मौजूद दर्जनों बच्चों ने फूलों के साथ नेताओं का अभिवादन किया। बीजिंग में बातचीत के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा कि चीनी नेता के साथ उनके बेहद शानदार रिश्ते हैं और दोनों देशों के संबंध पहले से भी ज्यादा बेहतर होने वाले हैं। ट्रंप ने शी को एक महान देश का महान नेता भी बताया और कहा कि अमेरिका में कुछ लोगों की आलोचना के बावजूद वह यह बात खुले तौर पर कहते हैं।

यह यात्रा मूल रूप से मार्च में निर्धारित थी, लेकिन ईरान युद्ध के कारण इसमें देरी हुई। गौरतलब है कि ट्रंप आखिरी बार 2017 में राष्ट्रपति के रूप में चीन आए थे, लेकिन इस बार उनका सामना एक अधिक मुखर और शक्तिशाली चीन से है, जो खुद को एक स्थिर वैश्विक शक्ति के रूप में पेश करने के लिए उत्सुक है। ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ अपनी मुलाकात को अब तक का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन बताया। दोनों नेताओं ने अपने-प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बातचीत शुरू की है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *